श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 93, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net


प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार, 8 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## प्रदेश के निजी मेडिकल कॉलेजों में MBBS कोर्स की अधिकतम फीस 12.72 लाख रुपया निर्धारित

### फीस की जानकारी होने के कारण छात्र-छात्राओं से अब कोई भी कॉलेज अतिरिक्त वसूली नहीं कर सकेगा



**लखनऊ, जेएनएन।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में मेडिकल की शिक्षा लेने वाले कमजोर आय वर्ग मेधावियों को भी उसके मिशन में सफल बनाने के प्रयास में भागीदार बन रहे हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने सूबे के 24 निजी मेडिकल कॉलेजों और 19 डेंटल कॉलेज की फीस तय कर दी है। जिससे फीस की जानकारी होने के कारण छात्र-छात्राओं से अब कोई भी कॉलेज अतिरिक्त वसूली नहीं कर सकेगा।

उत्तर प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा विभाग ने चालू शैक्षिक सत्र 2020 -21 के लिए 24 निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की अलग-अलग 10.40 लाख रुपए और अधिकतम 12.72 लाख रुपए फीस निर्धारित की है। इसी तरह प्रदेश के 19 निजी डेंटल कॉलेजों में बीडीएस कोर्स के लिए अलग-अलग 2.93 लाख रुपए से लेकर 3.59 लाख रुपए फीस निर्धारित की गई है। इस बार फीस नियमन कमेटी ने कॉलेजों के संसाधन, उनके खर्चे और महंगाई को देखते हुए फीस में 10 से 20 फीसद तक बढ़ोतरी की है।

निजी क्षेत्र के 24 मेडिकल और 19 डेंटल कॉलेजों में शैक्षिक सत्र 2020-21 के लिए फीस तय कर दी गई है। एमबीबीएस कोर्स के लिए न्यूनतम 10.40 लाख रुपये से लेकर अधिकतम 12.72 लाख रुपये तक वार्षिक फीस निर्धारित की गई है। वहीं बीडीएस कोर्स की फीस न्यूनतम 2.93 लाख रुपये से लेकर अधिकतम 3.65 लाख रुपये सालाना तय की गई है। फीस नियमन कमेटी ने इस बार शुल्क में 10 से 20 फीसद तक बढ़ोतरी की है। निजी कॉलेजों के संसाधन, उनके खर्च और महंगाई को देखते हुए कमेटी ने फीस तय की है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ.रजनीश दुबे की ओर से निजी कॉलेजों की इस सत्र की फीस तय कर दी गई है।


24 निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस कोर्स की सबसे ज्यादा 12.72 लाख रुपये वार्षिक फीस श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज बरेली की तय की गई है। वहीं एमबीबीएस की सबसे कम 10.40 लाख रुपये की फीस ह्रूषहद मेडिकल कॉलेज सीतापुर की निर्धारित की गई है। वहीं अन्य प्रमुख मेडिकल कॉलेजों में शामिल रामा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर हापुड की 12.54 लाख, हैरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज वाराणसी की 12.62 लाख और टीएस मिश्रा मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल लखनऊ की एमबीबीएस कोर्स की फीस 12.65 लाख रुपये निर्धारित की गई है।

19 निजी डेंटल कॉलेजों में बीडीएस कोर्स की सबसे कम 2.93 लाख रुपये वार्षिक फीस सुभारती डेंटल कॉलेज मेरठ, इंद्रप्रस्थ डेंटल कॉलेज, आइडीएस बरेली आदि की निर्धारित की गई है। वहीं सर्वाधिक 3.65 लाख रुपये की फीस कोठीवाल डेंटल कॉलेज मुरादाबाद व स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज ग्रेटर नोएडा की निर्धारित की गई है।

एमबीबीएस व बीडीएस कोर्स के विद्यार्थियों को हॉस्टल, सिक्योरिटी डिपॉजिट और डेवलपमेंट फीस सहित अन्य शुल्क भी अलग से देने होंगे। एमबीबीएस के विद्यार्थियों को हॉस्टल में एसी रूम का 1.75 लाख रुपये, नॉन एससी रूम का 1.50 लाख रुपये वार्षिक शुल्क, तीन लाख रुपये सिक्योरिटी डिपॉजिट व 80 हजार रुपये विविध शुल्क देना होगा। वहीं बीडीएस के विद्यार्थियों हॉस्टल में एसी रूम का 1.05 लाख, नॉन एसी रूम का 85 हजार रुपये वार्षिक शुल्क, तीन लाख रुपये सिक्योरिटी डिपॉजिट व 40 हजार रुपये विविध शुल्क देना होगा। सिक्योरिटी डिपॉजिट बाद में वापस कर दिया जाएगा।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ में कोविड अस्पताल घोषित निजी मेडिकल कॉलेज के प्रबंधकों के साथ राजभवन में बैठक के दौरान कहा था कि मेडिकल की पढ़ाई काफी खचीर्ली है। उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई की भारी-भरकम फीस को लेकर चिंता भी जाहिर की। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने निजी मेडिकल कॉलेज के संचालकों- अधिकारियों से शुल्क वृद्धि पर चर्चा भी की थी।

उन्होंने कहा कि मेडिकल की पढ़ाई काफी खचीर्ली है। इसमें गरीब व मध्यम वर्ग के बच्चे भी पढ़ाई करने आते हैं। ऐसे छात्रों की आ?थक स्थिति पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। यह छात्र शुल्क वृद्धि का भार कैसे उठा पाएंगे। मेडिकल कॉलेज संचालकों को सरकार के साथ बैठकर बीच का रास्ता निकालना चाहिए। इससे कॉलेजों की समस्या दूर हो साथ ही अभिभावकों पर ज्यादा भार न पड़े।



## मध्य प्रदेश में पुलिस-नक्सली मुठभेड़, मारी गई आठ लाख की इनामी महिला नक्सली

**जबलपुर/बालाघाट, राज्य ब्यूरो।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के परसवाड़ा विकासखंड के मालखेड़ी गांव में शुक्रवार रात 11 बजे पुलिस व नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में पुलिस ने खटिया-मोचा दलम की आठ लाख की इनामी महिला नक्सली को मार गिराया। दो नक्सलियों के घायल होने की संभावना पर नक्सलियों को तलाशने पुलिस सर्चिंग अभियान चला रही है।

बालाघाट रेंज के आइजी केपी वेंकटेश्वर राव ने बताया कि महिला नक्सली की शिनाख्त 25 वर्षीय शारदा उर्फ पुज्जे निवासी पश्चिम बस्तर, जिला बीजापुर, छत्तीसगढ़ के रूप में हुई है। वह एरिया कमेटी सदस्य थी। उस पर बालाघाट जिले के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या का प्रयास समेत नौ अपराध दर्ज हैं। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम में आठ व राजनांदगांव में भी एक अपराध दर्ज है।

बालाघाट एसपी अभिषेक तिवारी के मुताबिक कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि खटिया-मोचा दलम व विस्तार दलम के नक्सली ग्रामीणों पर दबाव बनाकर राशन व दैनिक उपयोग की सामग्री ले रहे हैं। इसकी तफ्तीश के दौरान सूचना मिली कि आठ-दस नक्सली मालखेड़ी गांव पहुंचे हैं। इस पर हॉक फोर्स व जिला पुलिस बल ने घेराबंदी की। नक्सलियों को पुलिस के पहुंचने की भनक लग गई तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने महिला नक्सली को मार गिराया। सात नक्सलियों के जूते नाले व खेत के कीचड़ से सने मिले है। कुछ जूतों पर खून के निशान भी हैं। संभावना है कि एक-दो नक्सली घायल हुए हों। उनकी सर्चिंग की जा रही है। गांव में आठ-दस नक्सलियों के अलावा जंगल में करीब 20 नक्सली थे। जो लाइट सिग्नल से गांव में मौजूद नक्सलियों को सचेत कर रहे थे। गांव के नक्सली सचेत नहीं हुए तो उन्होंने विस्फोट भी किया। इसके बाद गांव में रुके नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग की और गांव से भाग गए।

मालखेड़ी गांव में नक्सलियों की सूचना होने पर दबिश दी गई। नक्सलियों की फायरिंग के जवाब में एक महिला नक्सली की मौत हुई है। मौके से बंदूक के साथ ही दैनिक उपयोग की सामग्री व सात जोड़ी जूते जब्त किए हैं- **अभिषेक तिवारी, एसपी, बालाघाट, मध्य प्रदेश।**

## मध्यप्रदेश में मिनी ट्रक पलटी, 4 की मौत व 15 घायल




**सिंगरौली, प्रेट्र।** मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिला स्थित एक गांव में शनिवार को मिनी ट्रक के पलटने से चार लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। सराय पुलिस स्टेशन के इंचार्ज शंखधर द्विवेदी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना शुक्रवार की देर रात 2 बजे घटी। उन्होंने बताया, 'जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर भलैया टोला गांव में यह दुर्घटना हुई। गांव के पास ही आयोजित एक समारोह में शामिल होने के बाद लोग इस मिनी ट्रक से वापस अपने गांव लांघडोल लौट रहे थे।

द्विदी ने बताया, 'चालक का नियंत्रण खत्म होते ही वाहन पलट गया। चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और करीब 15 लोग जख्मी हैं। इनमें से 10 की हालत गंभीर है। इन सबका इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है।' डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर राजीव रंजन मीना , सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस विरेंद्र कुमार सिंहनाद देवसर , विधायक सुभाष रामचरित वर्मा समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने अस्पताल और घटनास्थल का मुआयना किया।

दुर्घटनाग्रस्त वाहन टाटा 407 को पुलिस ने जब्त कर लिया। इसमें चौंकाने वाली बात यह है कि वाहन पर न तो नंबर प्लेट है और न ही नंबर। इसे लेकर पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के दौरान नंबर प्लेट टूट गया होगा। घटना की जानकारी मिलने के बाद सिंगरौली के पुलिस अधीक्षक व कलेक्टर अस्पताल पहुंचे। इन्होंने मृतक व घायलों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया। बता दें कि यह मदद मुख्यमंत्री राहत कोष से से देने की बात कही गई है।

घटना में मृतकों की पहचान हो गई है। सरई थाने के उपनिरीक्षक शिवपाल सिंह ने बताया कि मृतकों में छोटेलाल अवधिया पुत्र रामखेलावन अवधिया उम्र 45 वर्ष निवासी भैंसा, छोटेलाल पुत्र गुलानी प्रसाद उम्र 60 वर्ष निवासी रोहाल, सुखपाल पुत्र रामधनी अगरिया उम्र 30 वर्ष निवासी रोहाल व सीमरेवारी पत्नी रामधनी अगरिया शामिल हैं।

## एक्जिट पोल : बिहार में नीतीश की सत्ता वापसी आसान नहीं

### महागठबंधन आगे, 10 को आएंगे चुनाव नतीजे



**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के दौर में चुनाव कराना एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन बिहार के मतदाताओं ने गजब का उत्साह दिखाया और तीन चरणों में हुए विधानसभा चुनावों में करीब 7.3 करोड़ मतदाताओं ने चुनाव प्रक्रिया में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शनिवार को तीसरे और अंतिम चरण के मतदान (58 फीसद) के बाद विभिन्न मीडिया समूहों और एजेंसियों ने अपने-अपने एक्जिट पोल परिणामों की घोषणा की। इनमें सिर्फ इंडिया टुडे-चाणक्य और रिपब्लिक टीवी-जन की बात ने अपने एक्जिट पोल में राजद नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन को बहुमत मिलता हुआ दिखाया है। बाकी सभी एक्जिट पोल में महागठबंधन और राजग के बीच कांटे की टक्कर दिखाई दे रही है।

एक्जिट पोल के नतीजे अक्सर गलत भी साबित होते हैं, पिछले विधानसभा चुनाव में सारी एजेंसियों के एक्जिट पोल सच्चाई से बहुत दूर रहे, लेकिन अगर इन्हें वास्तविक नतीजों का संकेत माना जाए तो नीतीश कुमार के लिए सत्ता विरोधी लहर बड़ी चुनौती साबित हुई है। उनकी रैलियों के दौरान लोगों द्वारा गुस्से का इजहार इस बात का सुबूत है। इसके अलावा इस बात के भी संकेत हैं कि राजग में भाजपा को जदयू से ज्यादा सीटें मिल सकती हैं। हालांकि प्रचार अभियान के दौरान भाजपा नेता लगातार यह कहते रहे कि बिहार में नीतीश कुमार ही राजग का चेहरा हैं।

एक्जिट पोल के नतीजों से यह संकेत भी मिलते हैं कि एक साल में ही जनता का मिजाज बदल गया है। सालभर पहले हुए लोकसभा चुनावों में बिहार की 40 संसदीय सीटों में से 39 राजग को मिली थीं।

इस दौरान मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और गुजरात समेत 10 राज्यों में 54 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव भी कराए गए। मध्य प्रदेश की 28 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के एक्जिट पोल नतीजों से भाजपा को राहत मिली है। एक्जिट पोल नतीजों के अनुसार प्रदेश में भाजपा की शिवराज सिंह सरकार बरकरार रहेगी। कांग्रेस को बहुमत का आंकड़ा नहीं मिल पाएगा। समाचार चैनल 'आज तक' के एक्जिट पोल के अनुसार, भाजपा को 16 से 18 तो कांग्रेस को 10 से 12 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा को करीब 46 तो कांग्रेस को लगभग 43 फीसद वोट मिलेंगे।

## लद्दाख घाटी में तैनात होगी उन्नत सारंग तोप, मारक क्षमता के आगे नहीं टिक सकेंगे दुश्मन



**जबलपुर, जेएनएन।** मध्य प्रदेश स्थित वाहन निमार्णी जबलपुर ने पुरानी 130 एमएम सारंग तोप को उन्नत (अपग्रेड) कर 155 एमएम बनाकर हाल ही में सेना के हवाले किया है। अब रक्षा मंत्रालय ने सेना की इससे जुड़ी जरूरत जल्द पूरा करने के निर्देश आयुध निमार्णी बोर्ड (OFB) को दिए हैं। कुल 280 पुरानी सारंग तोपों को उन्नत बनाने की जवाबदारी दो निर्माणियों के बजाय सिर्फ वीएफजे को सौंप दी है। उन्नत सारंग तोप में 28 के बजाय 38 किमी की अचूक मारक क्षमता ने सैन्य जवानों व अधिकारियों को भी कायल बना दिया है, इसलिए सेना ने यह तोप लद्दाख घाटी में तैनात करके देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी कर ली है।

गौरतलब है कि ओएफबी ने करीब डेढ़ साल पहले पुरानी तोपों को अपग्रेड करने की जवाबदारी गन कैरिज फैक्ट्री (GCF) और वीएफजे को संयुक्त रूप से सौंपी थी। इसके बाद वीएफजे व जीसीएफ ने पुरानी तोपों के सभी कलपुर्जो को खोलकर व बैरल बदलकर उन्नत बनाने का काम किया। इस काम से मुक्त हुए जीसीएफ को बोर्ड मुख्यालय अब धनुष तोप (155 एमएम/45 कैलिबर) को और भी बेहतरीन बनाने के साथ-साथ नया काम देने की योजना बना रहा है।

**इसलिए कर रहे उन्नत:** अपग्रेड तोप की निशाना साधने की क्षमता में करीब 10 किमी और विध्वंसक (मारक) क्षमता में वृद्धि हुई है।

सारंग की यह खासियत : अपग्रेड सारंग तोप लक्ष्य पर अचूक वार करने में सक्षम है। यह अत्याधुनिक तोप अब भी वजन में बेहद हल्की है। इस तोप को किसी भी वाहन से जोड़कर (टोकर) या धक्का देकर यहां से वहां जल्द ले जाया जा सकता है।

**इंजनयुक्त बनाने पर विचार :** अपग्रेड सारंग तोप का लाजवाब प्रदर्शन देखकर सैन्य अधिकारियों ने अब इसे इंजनयुक्त बनाने की जरूरत पर रक्षा मंत्रालय से चर्चा की है।

वीएफजे के पीआरओ राजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि ओएफबी के निर्देश पर इस निमार्णी में 280 सारंग तोप अपग्रेड करने की योजना बनाई गई है।

## असम-मिजोरम सीमा पर तनाव के बीच उपद्रवियों ने विस्फोट कर उड़ाई प्राथमिक स्कूल की इमारत



**सिल्चर, पीटीआइ।** असम-मिजोरम सीमा पर तनाव जारी है। इस बीच कछार जिले में अंतर-राज्यीय सीमा के नजदीक एक प्राथमिक स्कूल की इमारत को अज्ञात उपद्रवियों ने विस्फोट कर उड़ा दिया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को सुबह हुई। मौजूदा वक्त में असम के एक नागरिक को मिजोरम के हमलावरों द्वारा कथित तौर पर अगवा करके हत्या किए जाने से लोगों में भारी आक्रोश है। इस हत्याकांड का यहां के छात्र संगठन विरोध कर रहे हैं।

समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, असम के छात्र संगठनों द्वारा बुलाए गए 12 घंटे के बंद के चलते कछार जिले जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। पुलिस ने बताया कि धोलई इलाके में दूर दराज के सादिरखाल वन क्षेत्र में यह स्कूल मौजूद था। स्कूल की इमारत में धमाका इतना जोरदार था कि उसकी आवाज दूर तक सुनाई पड़ी। हालांकि गनीमत की बात यह है कि इस धमाके में कोई हताहत नहीं हुआ है। बताया जाता है कि एक पखवाड़े के भीतर कछार जिले में किसी स्कूल की इमारत में धमाके की यह दूसरी वारदात है। इससे पहले 22 अक्टूबर को अंतरराज्यीय सीमा के नजदीक जिले के खुलीचेरा इलाके में बंगाली माध्यमिक स्कूल में बम विस्फोट हुआ था। असम के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने बीते 29 अक्टूबर को जिले के सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा कर कानून-व्यवस्था का जायजा लिया था। उन्होंने कहा था कि लोगों को डराने के लिए उपद्रवियों ने धमाके को अंजाम दिया था...

उल्लेखनीय है कि असम और मिजोरम सीमा पर 17 अक्टूबर से ही तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। उस दौरान उपद्रवियों ने 18 अस्थायी झोपड़ियों और तीन मकानों को नुकसान पहुंचाया था। इस घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश उपजा था। यही नहीं कोई बड़ी घटना नहीं हो इस मसले पर असम, मिजोरम और केंद्र सरकार के शीर्ष अधिकारियों के बीच कई दौर की बातचीत भी हुई थी।

## 300 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में नीरा राडिया की फर्म पर मामला दर्ज कर जांच शुरू

**नई दिल्ली, आइएएनएस।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर दो फर्मों के खिलाफ जांच शुरू की है, जिसमें नयति हेल्थकेयर भी शामिल है, जिसकी चेयरपर्सन और प्रमोटर नीरा राडिया हैं। गुरुग्राम की हेल्थ फर्म के साथ-साथ ईओडब्ल्यू की एफआइआर में दर्ज एक अन्य कंपनी नारायणी इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड पर 300 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है जो एक ऋण के माध्यम से प्राप्त की गई थी। नयति और नारायणी पर गुरुग्राम और विमहंस हॉस्पिटल दिल्ली के प्रिमामेद हॉस्पिटल परियोजनाओं में 2018-2020 के बीच 312.50 करोड़ रुपये की राशि के गबन और जालसाजी का आरोप लगाया गया है।

दिल्ली के ऑर्थोपेडिक सर्जन राजीव के शर्मा ने यह शिकायत दर्ज की है। सूत्रों के अनुसार फर्मों ने विभिन्न प्रसिद्ध ठेकेदारों के नाम पर फर्जी खाते खोलकर और इन खातों में सीधे लोन मनी ट्रांसफर करके लोन से करोड़ों का गबन किया। राजीव शर्मा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 400 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण और इक्विटी मनी को बेशर्मी से निकाल दिया गया है, जबकि गुरुग्राम अस्पताल के बिल्डिंग की हालत पहले से भी बदतर हो गई है।

नयति हेल्थकेयर ने बाद में मामले के संबंध में एक बयान जारी किया। डॉ शर्मा बोर्ड के सदस्य होने के नाते कंपनी के सभी कार्यों के लिए एक पार्टी और हस्ताक्षरकर्ता थे। मतभेदों के कारण जो गतिविधियों के एक फोरेंसिक ऑडिट के संचालन के लिए पीछा किया गया था। डॉ राजीव शर्मा के तहत पिछला प्रबंधन, गलतबयानी और दुर्भावना के कुछ मामले सामने आए। इन मुद्दों को डॉ शर्मा के साथ उठाया गया था और विधिवत रूप से पुलिस को एक शिकायत (SIC) के रूप में सूचित किया गया था। वहीं, इस संबंध में अन्य जांच की प्रक्रिया अभी जारी है।

## यशवर्धन कुमार सिन्हा बने देश के नए सीआइसी, राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** सूचना आयुक्त यशवर्धन कुमार सिन्हा देश के नए मुख्य सूचना आयुक्त (सीआइसी) बन गए हैं। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में आज उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सूचना आयुक्त यशवर्धन कुमार सिन्हा भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि पत्रकार उदय महुरकर, पूर्व श्रम सचिव हीरा लाल समारिया और पूर्व उप नियंत्रक और महालेखा परीक्षक सरोज पुनहानी को सूचना आयुक्त बनाया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति ने इन लोगों का चयन किया था। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और गृह मंत्री अमित शाह इस समिति के सदस्य हैं। ब्रिटेन और श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त रहे सिन्हा पिछले साल एक जनवरी को सूचना आयुक्त बने थे। सीआइसी के रूप में बिमल जुल्का का कार्यकाल 26 अगस्त को पूरा हुआ था, तब से यह पद खाली था। 62 साल के सिन्हा का कार्यकाल करीब तीन साल का होगा। सीआइसी या सूचना आयुक्तों की नियुक्ति पांच साल या उनके 65 साल की उम्र के होने तक के लिए होती है।

बिमल जुल्का द्वारा 26 अगस्त को अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद दो महीने से यह पद खाली पड़ा हुआ था। माहुरकर, समारिया और पुन्हानी के शामिल होने से सूचना आयुक्त की ताकत सात हो जाएगी। वर्तमान में केंद्रीय सूचना आयोग में 10 के स्वीकृत शक्ति के खिलाफ चार सूचना आयुक्त हैं - वनजा एन सरना, नीरज कुमार गुप्ता, सुरेश चंद्र और अमिता पांडोव। माहुरकर ने एक प्रमुख मीडिया हाउस के साथ वरिष्ठ उप संपादक के रूप में काम किया है। उन्होंने गुजरात के महाराजा सयाजीराव विश्व विद्यालय से भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व में स्नातक किया है। सामरिया, तेलंगाना कैडर के 1985-बैच के आईएएस अधिकारी, सितंबर में श्रम और रोजगार मंत्रालय के सचिव के रूप में रिटायर हुए। पुन्हानी, 1984 बैच के एक भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा (IAAS) अधिकारी, भारत सरकार में उप नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (मानव संसाधन और प्रशिक्षण) के रूप में कार्य किया।

## संक्षेप समाचार

### परिवार संग पानी टंकी पर चढ़ा पीड़ित परिवार, आत्मदाह की चेतावनी

**प्रयागराज।** हरदोई जिले का रहने वाला विजय प्रताप शनिवार सुबह प्रयागराज के बेली गांव स्थित पानी की टंकी पर अपने परिवार के साथ चढ़ गया और आत्मदाह की धमकी देने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और उससे बातचीत की कोशिश की। आश्वासन दिया कि उसकी बात हरदोई के डीएम तक पहुंचा दी गई है। हर तरह से उसकी मदद की जाएगी लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। हरदोई के विजय प्रताप ने कोतवाली और सुरसा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इसके अलावा उसका आरोप था कि पड़ोस के रहने वाले दबंग ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया और गांव से भगा दिया है। उसने हरदोई के डीएम से शिकायत की लेकिन उन्होंने कोई मदद नहीं की। इसके बाद उसने लखनऊ जाकर मदद की गुहार लगाई लेकिन वहां से भी कोई सहायता नहीं मिली। आखिर में परेशान होकर वह अपने भाई, पत्नी और बच्चों को लेकर प्रयागराज आ गया। शनिवार सुबह छह लोग बेली में पानी टंकी पर चढ़ गए और वहीं से हंगामा करने लगे। पुलिस पहुंची तो धमकी दी कि अगर किसी ने जबरदस्ती करने की कोशिश की तो वह परिवार के साथ आत्मदाह कर लेगा। वह यहां पर भूख हड़ताल पर बैठा है। जब तक उसकी मांग नहीं पूरी होगी उसकी हड़ताल चलती रहेगी।

# घूरपुर में अज्ञात वाहन ने दो छात्राओं को रौंदा मौत, कोहराम

### दोनों छात्राएं पैदल जा रही थी कोचिंग में पढ़ने

**घूरपुर।** घूरपुर थाने के सामने स्थित हाइवे पर शनिवार की भोर कोचिंग के लिए जा रही दो छात्राओं को एक अज्ञात ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया ।जिससे दोनों छात्रायें बुरी तरह से घायल हो सड़क पर गिर गई ।सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची और दोनो को इलाज के लिए अस्पताल भेजा ।जहां एक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया तो दूसरी की जान इलाज के दौरान चली गई ।घटना की सूचना परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया ।

घूरपुर थाना क्षेत्र के चकसेमरा गांव निवासी अमित कुमार साहू उर्फ भैयन की पुत्री श्रेया साहू (12) एक निजी विद्यालय में कक्षा आठ में तो दिलीप जायसवाल की पुत्री नेहा जायसवाल(15) अभिनव विद्यालय दांदूपुर में कक्षा दस में पढ़ती थी ।शनिवार की भोर लगभग 6 बजे दोनो घूरपुर थाने के पास स्थित एक कोचिंग सेंटर पर पैदल ही हाइवे पकड़ कर जा रही थी ।इसी बीच गौहनिया की ओर से आये एक बेकाबू ट्रक ने दोनों को अपनी चपेट में लेते हुए रौंद दिया ।जिससे दोनों घायल होकर सड़क पर गिर गई ।घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची और दोनो को इलाज के लिए अस्पताल भेजा ।बताया जाता है कि श्रेया साहू का दम रास्ते में ही निकल गया और नेहा जायसवाल ने अस्पताल पहुंचकर इलाज के दौरान दम तोड़ दिया ।घटना की सूचना दोनो के परिजनों को हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस ने दोनों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।घटना करने के बाद फरार ट्रक की खोजबीन पुलिस आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों से कर रही है।





मृतक बच्चियों के घर जुटी लोगों की भीड़ व इनसेट में मृतक बच्चियों की फाइल फोटो

# जिलाध्यक्ष विभागनाथ भारती के नेतृत्व में निकली यातायात जागरूकता रैली




यातायात जागरूकता रैली निकालते हुए

**जसरा।** यातायात माह के प्रारंभ होते ही जसरा बाजार में भाजपा के जिला अध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती के नेतृत्व में यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक बनाने का है।

जिलाध्यक्ष यमुनापार अपने समर्थकों के साथ रेरामोड़ से रैली निकालकर जसरा बाजार के नई बाजार तक रैली के माध्यम से सड़क पर आने जाने वाले लोगों को जागरूक किया। नागरिकों से अपील की गई कि वह यातायात के नियमों का सख्ती के साथ पालन करें और दूसरों को भी कराएं। बिना हेलमेट, सीट बेल्ट व बिना मास्क के वाहन को न चलायें। नशे कीरझ हालत में वाहन से दूर रहें। वाहन को चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। जिलाध्यक्ष ने लोगों से अपील किया कि दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाकर न चलें। जागरूकता रैली में जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल, जिला प्रतिनिधि राजमणि पटेल, अरुण कुमार मालवीय, सचिन श्रीवास्तव, सुधा गुप्ता, उमा वर्मा ,जगत नारायण शुक्ला, अशोक तिवारी, मेला राम, मनोज गुप्ता, राज सरोज, अमित भारतीय, संदीप भारतीय, सुधाकर पांडे, दुर्गा पांडे, सुरेश शुक्ला, अनिल भारतीय आदि लोग मौजूद रहे।

### एसएसपी प्रयागराज ने मेजा थाने का किया औचक निरक्षण

**सिरसा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी द्वारा मेजा थाने का औचक निरीक्षण किया गया। वहीं एसएसपी ने मेजा थाना कार्यालय व अभिलेखों के रखरखाव व महिलाओं से संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। वहीं एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने कहा की मुख्य तौर पर यहां पर जो साफ सफाई की व्यवस्था है उसे और बेहतर बनाया जाए। और इसके अलावा जो कोविड 19 का सुरक्षा मानक है वह इस थाने मे अच्छे से चलाया जाय। सुरक्षा डेस्क पर महिलाएं जो पीड़ित हैं उनकी समस्याओं को बहुत ही समझदारी एवं संवेदनशील से निस्तारण करें। यहां पर कुछ मामलों की पेंडिग ज्यादा है जिसके बारे में आवश्यक व कड़े दिशा निर्देश दिए गए हैं। और कुछ मामलों के निस्तारण कर जल्द से जल्द कम किया जाए और जो लोग आते हैं उनके साथ सम्मान से और न्याय पूर्ण तरीके से समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया जाए। सड़क सुरक्षा व्यवस्था में जागरूकता अभियान चलाया जाय। एसएसपी ने कहा कि थाने में कोई पीडित आता है तो उसकी समस्या को सुनी जाय और उसे न्याय दिया जाय।

# संग्राम पट्टी गांव में हुआ सरकारी राशन की दुकान का चुनाव

### भारी संख्या में ग्रामीणों ने मृतक कोटेदार के घर पर ही कोटा रहने पर दी सहमति

**हंडिया।** सैदाबाद ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संग्राम पट्टी गांव में शनिवार को सरकारी राशन की दुकान को लेकर किया गया चुनाव। बता दें कि पूर्व में रहे कोटेदार त्रिभुवन नाथ यादव की कुछ महीने पहले आकस्मिक निधन हो गया।जिससे कोटे का पुनः चुनाव कराया गया। चुनाव में कोई भी विपक्षी आवेदन नहीं किए।जिससे ग्रामीणों ने एक तरफा मृतक कोटेदार त्रिभुवन नाथ यादव के घर पर ही कोटा रहने की बात कहते हुए सभी ग्रामीणों ने सहमति जताई।मृतक कोटेदार त्रिभुवन नाथ यादव के पक्ष में हजारों की संख्या में महिला व पुरुष एकत्रित होकर समर्थन देते हुए नारेबाजी की कोटे को चुनाव कराने आये एडीओ आईएसबी, एडीओ समाज कल्याण, ग्राम पंचायत सचिव ने कहा प्रमुख सचिव के आदेश अनुसार कोटा का चयन में पहली प्राथमिकता स्वयं सहायता समूह को दी जाएगी।तो वही संग्राम पट्टी गांव में बने सभी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सरकारी राशन की दुकान को न लेने की बात कहते हुए मृतक कोटेदार के घर पर ही दुकान रहने की सहमति जताई।ग्रमीणों व ग्राम प्रधान शीलवंत सिंह यादव की मौजूदगी में कार्यवाही रजिस्टर पर कार्यवाही करते हुए ग्रामीणों का समर्थन कार्यवाही रजिस्टर पर दर्ज कराया गया।ग्रामीणों ने बताया कि मृतक कोटेदार त्रिभुवन नाथ यादव एक ऐसा कोटेदार था। जो कि गरीब राशन कार्ड धारकों के पास पैसा ना होने पर भी उन्हें राशन मुहैया कराता था। लगभग 20 वर्ष के कार्यकाल में कभी भी सरकारी राशन की दुकान का कोई भी ग्रामीण विरोध तक नहीं किया।बगैर पुलिस प्रशासन के ही चुनाव शांति ढंग से संपन्न हुआ।



कोटे के चयन के दौरान उपस्थित ग्रामीणों की भीड़

# अर्नव गोस्वामी की रिहाई व महाराष्ट्र सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए संतों ने किया हवन



हवन करते संत समाज के लोग

**घूरपुर।** रिपब्लिक भारत टीवी चैनल के संचालक अर्नव गोस्वामी की रिहाई व महाराष्ट्र सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने के लिए गोस्वामी समाज व संतो की टीम ने घूरपुर के यमुना तट व संगम की रेती पर हवन पूजन किया ।इस बीच संतो ने अर्नव गोस्वामी की रिहाई के वेदमंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ कुंड में आहुतियां अर्पित की । इस मौके पर जूना अखाड़ा के महंत राजीव गिरी, आचार्य देवव्रत, सचिन गोस्वामी, संगीत गोस्वामी, मृदुला पांडेय, धीरेंद्र गिरी, अम्बरीष गिरी, नीलू, आशीष, अनिल गोस्वामी समेत दर्जनों लोग शामिल रहे ।

## तेज रफ्तार वाईक से नाबालिग की गई जान

**करछना।** क्षेत्र के धरवारा गांव में एक तेरह वर्षीय नाबालिग किशोर की तेज रफ्तार वाईक चलाने के दौरान दीवाल में जोर दार टक्कर हो जाने से मौत हो गई । जानकारी के मुताबिक करछना थाना क्षेत्र के धरवारा गांव के मजरा मिदनी सिंह का पूरा निवासी कमला कांत पटेल के पांच लडको में तीसरे नंबर का तेरह वर्षीय दुर्गेश उर्फ चंदू पटेल शुक्रवार को शाम दस बजे रात घर से वाइक लेकर गांव के बाहर पान की दुकान पर गुटका खाने के लिए गया था, गुटका खाने के बाद घर वापस जा रहा था ।उसकी वाइक की स्पीड ज्यादा होने के कारण गांव की गली में एक मकान की दीवार से टकरा गया । सर में गंभीर चोट लगने से परिजनों ने उसे करछना सरकारी अस्पताल रात ले गएँ जहाँ पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । घटना की सूचना पर घर में उसके कोहराम मच गया । हालांकि इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई, जिसका शनिवार को मनैया गंगा घाट पर अन्तिम संस्कार कर दिया गया ।

# कॉमन सर्विस सेंटर में सामान समेत हजारों की चोरी



**बरौत।** हण्डिया थाना क्षेत्र के उपरदहा में एक कॉमन सर्विस सेंटर में चोरों ने शटर का ताला तोड़कर अंदर रखें कंप्यूटर सिस्टम प्रिंटर समेत हजारों रुपए उड़ा ले गए। ऊपरदहा गांव निवासी रमेश कुमार बिंद जो उपरदहा जीटी रोड पर कॉमन सर्विस सेंटर खोल कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वही बीती रात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर अंदर रखें डेल का लैपटॉप 1 एसर का लैपटॉप दो प्रिंटर समेत लॉकर में रखे हजारों रुपए चोर लेकर फरार हो गए। रोज की तरह जब सुबह संचालक दुकान पर पहुंचा तो शटर का ताला टूटा देखकर उसके होश उड़ गए। अंदर गया तो गायब सामान देख कर होश उड़ गए। फौरन पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। संचालक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ हण्डिया थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच गंभीरता से कर रही है।

# वसीयत के नुमाइंदों की गद्दारी नहीं अच्छी...

### श्रीमद्भागवत महापुराण कथा मंच पर पहुंचे कवियों ने खूब गुदगुदाया

**करछना।** तहसील क्षेत्र के बलापुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के समापन मौके पर मंच पर पहुंचे कवियों ने श्रोताओं को जी भर गुदगुदाया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता बाबू फतेह बहादुर सिंह ऋषिराज और संचालन चर्चित हास्य कवि अशोक बेशरम ने किया। वरिष्ठ गीतकार राजेंद्र शुक्ल ने प्रस्तुत वाणी वंदना के उपरान्त पढ़ा, छल प्रपंच मिथ्या बातों से जो समाज को ठगता, पोल खुली तो वह समाज से शीघ्र उखड़ जाता है। रामलोचन सांवरिया की कविता राम नाम रट नहीं आगे से हट रे खूब सराही गई। लखन प्रतापगढ़ी ने कहा सुबह की धूप है बच्चे,निर्मल जल कूप हैं बच्चे,करें हम वंदना इनकी प्रभु के रूप हैं बच्चे। शबरेज इलाहाबादी की कविताओं में गंगा जमुनी तहजीब की झलक मिली तो वहीं डॉक्टरअमरनाथ सिंह के गीत गजलों ने खूब समां बांधी। मोहन जी शुक्ला,वेदानंद वेद और बेचन लाल विनोदी के गीतों ने श्रोताओं के बीच कविताओंद्वाराआध्यात्म लोकसंस्कृति औरआस्था की अलख जगायी तो वहीं युवा कवि रितेश तिवारी ने भी श्रृंगार गीतों पर खूब तालियां बटोरी। मंच का संचालन कर रहे अशोक बेशरम ने पढ़ा, वसीयत के नुमाइंदों की गद्दारी नहीं अच्छी। अगर है दोस्त नाकाबिल तो फिर यारी नहीं अच्छी। उनकी हास्य कविताओं पर श्रोता देररात तक लोटपोट होते रहे। अपने अध्यक्षीय काव्य पाठ के दौरान फतेह बहादुर सिंह ऋषिराज ने कहा,भारत कि चंदन माटी को, भारत भूमि की परिपाटी को,उस स्वाभिमान को कोटि नमन राणा की हल्दीघाटी को। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि मौजूद जागृति मिशन के संयोजक डॉ भगवत पांण्डे ने कवियों को अपनी लोग परंपरा और संस्कृति का संवाहक बताते हुए कार्यक्रम की प्रशंसा की।मंचपर आयोजन समिति के अध्यक्ष रंजन तिवारीऔर पदाधिकारियों ने सभी कवियों का सारस्वत सम्मान किया गया। इस मौके पर कथावाचक परीक्षित आचार्य जी महाराज, लव कुमार पांण्डे, राजकुमार गुप्त, रामबाबू डॉ गणेश शंकर, डॉक्टर चिरौंजी लाल, चंद्रमा शुक्ल, कृपाशंकर तिवारी नवल किशोर पांडे, महेश आश्रम जी महाराज, अजय मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।



मंच पर उपस्थित कवि

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने की महाराष्ट्र सरकार की निंदा

### लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के साथ अमानवीय व्यवहार पर किया विरोध




महाराष्ट्र सरकार का पुतला फूंकते एबीवीपी कार्यकर्ता

**फूलपुर।** रिपब्लिक भारत के एडिटर इन चीफ अर्नब रंजन गोस्वामी को बिना वारंट के गिरफ्तार करने के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फूलपुर इकाई के कार्यकताओं ने शनिवार को महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध जताया। तहसील संयोजक विशाल कुमार सत्या ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमें संविधान ने दी है ।ऐसे में किसी के ऊपर द्वेष पूर्वक कार्रवाई करना अनैतिक है। महाराष्ट्र सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की सरकार पत्रकारों की आवाज को दबाने का कार्य कर रही है। जिसे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा। इस दौरान कार्यकताओं ने महाराष्ट्र सरकार का पुतला दहन कर तानाशाही का आरोप लगाया। इस मौके पर अभाविप के जिला संयोजक सोशल मीडिया नवीन कुमार चौरसिया, तहसील संयोजक विशाल कुमार सत्या, नगर अध्यक्ष किशन साहू,उमेश प्रजापति, विजय शंकर, योगेश प्रजापति, गोलू शर्मा, विमलेश मोदनवाल, अभिलाष, आयुष, अमित सहित एबीवीपी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिद्ध पीठ माँ सवालखी मन्दिर में विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी ने टेका मत्था

**सिरसा।** विधानसभा मेजा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोरांव मेजारोड स्थित प्राचीन सवालखी मंदिर में दर्शन को पहुंचे शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी माता सवालखी के दर्शन के बाद उपस्थित लोगों संबोधित किया। विदेश से पढ़ाई के बाद जब मैं पहली बार यमुनापार पहुंचा तो मेरा पहला स्वागत सोरांव गांव में हुआ और जहां पहले सन्मान और अपनत्त्व मिलता हैं, उसे कभी भूल नहीं सकता हैं। जब मेरी उम्र 22 वर्ष की रही होगी तब में यहाँ आया था। दूसरी बार आज हो रहा है इससे साबित होता है कि मेरा लगाव इस गांव से कितना गहरा है। मैं शहर उत्तरी से विधायक जरूर हूँ।लेकिन मेरा नाता ग्रामपंचायत सोरांव से बहुत पुराना है। आगे कहा कि यमुनापार से जो भी करता हूं वो सोरांव ग्रामसभा से करता हूँ। आशा करता हूँ कि यह परंपरा कायम, प्रेम और लगाव हमेशा बना रहे। उक्त अवसर पर उपस्थित गांव के संभ्रांत लोगों के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विद्यावती हास्पिटल के डायरेक्टर राजेश कुमार द्विवेदी ने विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी को अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया। इससे पूर्व मंदिर में उपस्थित बटुकों ने स्वस्ति वाचन कर विधायक को माता के दर्शन कराये। मंदिर में पहुंचने के तदुपरांत माता की आरती करते हुए विधायक ने आशीर्वाद लिया। देखा जाय तो माँ सवालखी मंदिर गांव के प्राचीनतम मंदिरों में शुमार है। उक्त मंदिर का जीर्णोद्धार वरिष्ठ समाजसेवी व विद्यावती हॉस्पिटल के प्रबंधक राजेश द्विवेदी के द्वारा कराया गया है, जो इस वक्त क्षेत्रीय श्रद्धालुओं में अपनी अलग पहचान बनाये हुआ है।

प्रद्युम्न दुबे, चंचल मिश्रा, नंदू दुबे, प्रभा शंकर तिवारी, रचित कुमार नेता, अधिवक्तता शुक्ला, विवेक कुमार केसरी, सोनू दुबे, मनोज माली, चांद मोहम्मद उर्फ चंदू , बीना मिश्रा, अभिषेक शर्मा उर्फ माला, अजय कांत तिवारी उर्फ तुलसीदास तिवारी, छोटे पांडे, श्लोक शुक्ला, हेमंत द्विवेदी, बालकृष्ण शुक्ला, आदर्श दुबे, अवधेश द्विवेदी, रवि गुप्ता, मुकेश शुक्ला, शारदा द्विवेदी, रूद्र मणि द्विवेदी, योगेश द्विवेदी, सत्यम द्विवेदी, अंबुज मिश्रा, उमाशंकर द्विवेदी, मुन्ना पांडे सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



मां के दरबार में माथा टेकने पहुंचे विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### रोटरी इलाहाबाद इलीट ने मेधावी बच्चों को बांटी छात्रवृति

**प्रयागराज।** शनिवार को को वर्चुअल बैठक के तहत रोटरी इलाहाबाद इलीट ने मेधावी और होनहार लगभग 20 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और सर्टिफिकेट प्रदान किया। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन संजय तलवार ने मुख्य अतिथि पूर्व मंडलाध्यक्ष रोटेरियन रणजीत सिंह का स्वागत किया व पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन रितेश सिंह ने मुख्यतिथि का परिचय दिया। रोटेरियन ज्योत्स्ना सिन्हा ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रत्येक छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने लक्ष्य के बारे में बताया। अनेक विद्यालय के प्रधानाचार्य और प्रबंधक भी इस बैठक में सम्मिलित हुए। इस बैठक में रोटेरियन नरेश रॉय, पूनम रे, अभिषेक वर्मा, अरविंद अग्रवाल, मनीष गर्ग, रणधीर साहनी, जय कुमार, संजय सिंह आदि उपस्थित थे। अंत में सचिव नितिन चोपड़ा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और आगे होने वाली बैठको के विषय में बताया। मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की। शनिवर को वर्चुअल बैठक के तहत रोटरी इलाहाबाद इलीट ने मेधावी और होनहार लगभग 20 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और सर्टिफिकेट प्रदान किया।

## पति ने पत्नी को लाठी डंडे से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के न्याय नगर में मामूली विवाद में एक पति ने अपनी पत्नी को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया । जब जानकारी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस, आरोपी की तलाश करने में जुट गई । पुलिस के पहुंचने के पहले ही आरोपी घर से फरार हो गया था,हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। जगह-जगह दबिश दी जा रही है। जानकारी के अनुसार धूमनगंज थाना क्षेत्र के न्याय नगर में रहने वाला निहाल बाइक मिस्त्री है। शनिवार की सुबह निहाल का उसकी पत्नी सुनीता (35) से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामला बढ़ा तो उसने आक्रोश में आकर घर में रखा डंडा उठाया और सुनीता के सिर पर कई वार किया। वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी। चीख पुकार सुनकर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सुनीता को देखा तो वह मर चुकी थी। घर पर पड़ोसियों को जुटता देख निहाल घबरा गया। वहां मौजूद लोगों ने निहाल को पकड़ने की कोशिश की परंतु वह भाग निकला' जब इसकी जानकारी धूमनगंज पुलिस को हुई तो मौके पर धूमनगंज इंस्पेक्टर अरुण चतुर्वेदी मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे। कुछ देर बाद सीओ सिविल लाइंस भी पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही परिवार के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने कमरे से हत्या में प्रयुक्त डंडे को बरामद कर लिया है। परिवार के लोगों के साथ ही आसपास के लोगों ने बताया कि प्रतिदिन किसी न किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद होता था। हालांकि बात हत्या तक पहुंच जाएगी, किसी ने सोचा भी नहीं था' इस मामले में सीओ का कहना है कि पति-पत्नी के आपसी विवाद में घटना हुई है। आरोपित निहाल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही पूरे मामले की जांच की जा रही है कि आखिर पति-पत्नी के बीच किस बात को लेकर रोज झगड़ा होता था।



शव को अपने कब्जे में लेकर पूंछताछ करती पुलिस

## पुलिस व शातिर के बीच मुठभेड़, शातिर के पैर में लगी गोली, घायल

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली पब्लिक स्कूल से पहले देवरख तिराहे पर शनिवार की रात पुलिस व स्नैचरों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें स्कूटी सवार एक चेन स्नेचर के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर इलाज के लिए भेज दिया है। पुलिस उसके साथी की तलाश कर रही है।

बतातें चले कि बीते डेढ़ महीने से जंजीर छिनैती की घटनाओं ने महिलाओं को डरा रखा था। स्कूटी एवं बाइक सवार चेन स्नेचरों ने पुलिस की नाक में दम कर रखा था। पुलिस लगातार इनकी तलाश कर रही थी, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी। इनको पकड़ने के लिए इलाकाई पुलिस के अलावा गंगापार एवं यमुनापार की एसओजी टीम, रिजर्व पुलिस लाइन की फोर्स तक लगा दी गई थी। शनिवार को एसओजी यमुनापार एवं नैनी पुलिस अरैल रोड पर गश्त के दौरान रात में करीब साढ़े सात बजे डीपीएस से पहले देवरख तिराहे पर एक संदिग्ध स्कूटी सवार जाता दिखा। पुलिस टीम ने रोकना चाहा तो वह भागने लगा। पीछा करने पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। उसने 315बोर के तमंचे से तीन गोली चलाईं। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें उसके दाहिने पैर में गोली लग गई। जिससे वह स्कूटी समेत वहीं गिर गया। उसे पकड़कर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम अभिनव शर्मा पुत्र दिलीप शर्मा निवासी मीरापुर, अतरसुइया बताया। उसके पास से एक तमंचा, दो कारतूस व तीन खोखा के अलावा एक प्लेजर स्कूटी बिना नंबर की मिली है। जिसमें आगे डिफेंस लिखा हुआ है। सीओ करछना सोमेंद्र मीणा ने बताया कि अभी जो हालिया पूछताछ हुई है उसमें उसने 12 चेन छिनैती की घटनाए कारित करना स्वीकार किया है। बाकी उसे इलाज के लिए भेजा जा रहा है। पूछताछ के बाद अन्य चीजे खुलेंगी। उसके साथी के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।



पुलिस मुठभेड़ में शातिर के पैर में गोली लगने से घायल

### साथी संग सोनार को भी पुलिस ने पकड़ा, पूछताछ जारी

**नैनी।** पुलिस मुठभेड़ की पटकथा लिखकर चेन छिनैती करने वाले लड़के को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के हत्थे उसका साथी और वह सोनार भी चढ़ गया है, जो छीनी गई सोने की जंजीरों को खरीदता था। वह भी अतरसुइया का ही रहने वाला है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस उन दोनों की भी जल्द ही ? गिरफ्तारी दिखाएगी। फिलहाल उन्हें हिरासत में रखकर पूछताछ की जा रही है।

## फिर बदमाशों ने दी पुलिस को चुनौती छात्र से छीन ले गए मोबाइल

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र इलाके में बदमाशों के आगे पुलिस बेबस नजर आ रही है। बदमाश आए दिन महिलाओं के गले से सोने की चेन व मोबाइल छीन कर फरार हो जा रहे हैं। पुलिस लाख कोशिशों के बावजूद शातिरों म को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को बाइक सवार दो शातिर बदमाशों ने एक छात्र के हाथ से मोबाइल छीन कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के चकराना तिवारी के रहने वाले एस तिवारी पुत्र शिव भूषण तिवारी हाई स्कूल का छात्र है। वह शनिवार दोपहर बाद लगभग 2:00 बजे अपने घर से विकासखंड चाका मुख्यालय के समीप अपने मेडिकल स्टोर पर पैदल जा रहा था। जैसे ही वह सीओडी गेट के समीप पहुंचा तभी एक बाइक पर नकाबपोश दो शातिर पहुंचे। इससे पहले वह कुछ समझ पाता झपट्टा मारते हुए उसके शर्ट की जेब में रखे मोबाइल छीन कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस हर बार की तरह मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की खानापूर्ति करते हुए बैरंग वापस लौट आई। बता दें कि इससे पूर्व लगातार शातिरों ने महिलाओं के गले से सोने की चेन छीन कर फरार हो चुके हैं। वहीं पुलिस शातिरों को पकड़ने के लिए ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में जुटी हुई है, लेकिन अब तक किसी भी शातिर को पकड़ नहीं पाई है।

### टैंकर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के नए यमुना ब्रिज पर शुक्रवार देर रात एक टैंकर की टक्कर से बाइक सवार एक लगभग 35 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में एसआरएन ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान न होने पर अज्ञात में पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

## विकास कार्यों में लापरवाही या उदासीनता किसी भी स्तर पर क्षम्य नहीं : जिलाधिकारी

### विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में शनिवार को संगम सभागार में 37 विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की प्रगति के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि कार्यों में लापरवाही या उदासीनता किसी भी स्तर पर क्षम्य नहीं है। कार्यों में लापरवाही या उदासीनता पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को ससमय कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। समय से कार्य पूर्ण नहीं होने पर सम्बंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने उर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए सरकारी विभागों में विद्युत बकायें की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। विद्युत बकायें की सही जानकारी न दे पाने पर एवं पिछली बैठक में निर्देशित करने के बाद भी उचित कार्यवाही न कर पाने पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग को कठोर चेतावनी जारी करते हुए चेताया कि ऐसी लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने राजमार्गों की अनुरक्षण की स्थिति के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी ली और निर्देशित किया कि सड़क के गड्ढ़ों को तत्काल भर दिया जाये। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां कहीं भी उनके क्षेत्र में सड़कों पर गड़ढे है, उसकी जानकारी पत्र के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समय से वी0डी0ओ0 द्वारा जानकारी न दिए जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। सेतुओं के निर्माण के सम्बंध में जानकारी लेते हुए फूलपुर व मेजा में चल रहे सेतु निर्माण के कार्यों को ससमय पूरा करने के निर्देश दिये। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के लिए कहा है। पशुधन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समय से निराश्रित पशुओं के टीकाकरण एवं गोवंशीय पशुओं की इयर टैगिंग के कार्य को पूरा कराने के सख्त निर्देश दिये। साथ ही निराश्रित गोवंश के लिए चलाये जा रहे प्राइवेट गौशालाओं से सम्पर्क स्थापित कर पशुओं को वहां भिजवाने की व्यवस्था करें। उन्होंने वी0डी0ओ0 को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में पराली जलने की घटना होने पर सम्बंधित क्षेत्र के वी0डी0ओ0 के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। पराली प्रबंधन के लिए मनरेगा के तहत गड़ढ़े खोद कर कम्पोस्ट खाद बनाये जाने के लिए गांव के प्रधानों को प्रेरित किया जाये। इसकी मानीटरिंग मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा की जाये। पंचायतीराज विभाग के द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस समय सभी स्कूल बंद है। उन्होंने इसका लाभ उठाकर विद्यालयों में कराये जाने वाले निर्माण कार्य को समय से पूरा कर ले। विद्यालय के अंदर टाइल्स लगाने का हर-हाल में दिसम्बर माह तक पूरा कर ले साथ ही बांउड्रीवॉल एवं शौचालय, पानी का कार्य 100 प्रतिशत नवम्बर माह तक पूरा करा ले। ग्राम विकास विभाग के द्वारा कराये जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बारे में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जो लाभार्थी भूमिहीन है, उनका सर्वे कर उनकी सूची तत्काल सम्बंधित एसडीएम को उपलब्ध करा दे, जिससे कि आगे की कार्यवाही की जा सके। खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत आधार सीडिंग एवं प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित कराने के लिए कहा। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं वृद्धा पेंशन योजना की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, श्रम विभाग की समीक्षा में श्रमिक पंजीयन, अधिष्ठान पंजीयन एवं उपकर संग्रहण, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की प्रगति की समीक्षा की और कहा कि पेंशन का कोई भी कार्य शेष नहीं रहना चाहिए साथ ही वृद्धावस्था पेंशन की जानकारी लेने पर बताया गया कि वी0डी0ओ0 स्तर पर ज्यादातर प्रकरण लम्बित है, इस पर नाराजगी जताते हुए सभी सम्बंधित वी0डी0ओ0 को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि हरहाल में 5 नवम्बर तक आयें आवेदनों को दीवाली के पहले निस्तारित किया जाये। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी- आशीष कुमार, जिला विकास अधिकारी- ए0के0 मौर्या, अर्थ संख्यियकी अधिकारी- प्रेमचन्द्र मौर्या, पी0डी0डी0आर0डी0ए0-के0के0 सिंह सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद थे।



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी


## हिस्ट्रीशीटर, भू-माफिया प्रदीप महरा के मकान पर चला पीडीए का बुलडोजर, धराशायी

**किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैनात रहे पुलिस व पीएसी के जवान**

**डेढ़ हजार वर्गगज मीटर में बना था बिना मानचित्र पास कराए दो मंजिला मकान**

**नैनी।** प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन की ओर से शातिर अपराधियों, माफियाओं व भू-माफियाओं के खिलाफ जारी कार्रवाई के तहत शनिवार को नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित अरैल गांव में हिस्ट्रीशीटर व भू-माफिया प्रदीप महरा के घर पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चला और मकान को धराशाई कर दिया गया। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे।

जानकारी के मुताबिक पूर्व सांसद अतीक अहमद, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिलीप मिश्रा, पार्षद बच्चा पासी, हिस्ट्रीशीटर राजेश यादव, पूर्व पार्षद मोहम्मद जावेद उर्फ पप्पू गंजिया के बाद बिना मानचित्र पास कराए मकान बनाने पर अपराधियों पर नकेल कसते हुए शनिवार को नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित अरैल ग्राम सभा के पूर्व प्रधान, प्रधानपुत्र व सपा नेता प्रदीप महरा का मकान पीडीए ने गिरा दिया। विरोध की आशंका को मद्देनजर आधे दर्जन से अधिक थानों की पुलिस फोर्स के साथ पीएसी की टुकड़ी को भी तैनात किया गया था। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से शातिरों व माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि बीते कुछ दिन पूर्व नैनी के गंजिया क्षेत्र में दबंग, माफिया और पूर्व पार्षद मोहम्मद जावेद उर्फ पप्पू गंजिया के फार्म हाउस पर पीडीए का बुलडोजर गरजा था। इसी क्रम में शनिवार को जोनल अधिकारी सत शुक्ला और आलोक पांडेय के नेतृत्व में प्रयागराज विकास प्राधिकरण का अमला चार जेसीबी मशीनों के साथ अरैल गांव पहुंचा। दोपहर लगभग बारह बजे से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हुई। गांव में दबंग होने की वजह से विरोध के आशंका को देखते हुए उपजिलाधिकारी करछना विनोद कुमार पांडेय, क्षेत्राधिकारी करछना सोमेन्द्र मीणा, यमुनापार के आधे दर्जन थानों की फोर्स के साथ एक टुकड़ी पीएससी को भी तैनात किया गया था। एसपी यमुनापार चक्रेश मिश्रा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कराकर चले गए। बता दें कि प्रदीप महरा का अरैल गांव में दो मकान है। दूसरे मकान पर रविवार को ध्वस्तीकरण किया जाएगा। एसपी यमुनापार चक्रेश मिश्रा ने बताया कि प्रदीप के विरूद्ध कई मामले दर्ज हैं और नए माफियाओं की सूची में उसका नाम शामिल किया गया है। पुलिस उन मामलों की जांच कर रही है। शनिवार को हुई कार्रवाई पीडीए की ओर से किया गया था। पुलिस सिर्फ सुरक्षा के लिए लगाया गया था।



मकान ढहाता जेसीबी

### डेढ़ हजार वर्गगज मीटर में बना था दो मंजिला इमारत

नैनी। कोतवाली क्षेत्र के अरैल गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर व भू-माफिया प्रदीप मेहरा का मकान लगभग डेढ़ हजार वर्गगज मीटर में दो मंजिला मकान का निर्माण कराया गया था। प्रयागराज विकास प्राधिकरण से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि बिना मानचित्र पास कराए ही वह दबंगई दिखाते हुए मकान का निर्माण कराया हुआ था। जिसे शनिवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू किया गया है, जो रविवार को भी जारी रहेगा।

### नैनी कोतवाली का एचएस 15ए हिस्ट्रीशीटर है प्रदीप महरा

नैनी। क्षेत्र के अरैल गांव के रहने वाले प्रदीप महरा के खिलाफ नैनी कोतवाली में पहला आपराधिक मुकदमा बीते सन 1989 हत्या का प्रयास का दर्ज किया गया था। उसके खिलाफ अबतक 31 वर्षों के अंदर 13 आपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं। अभी हाल के ही महीने में उसके खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। साथ ही उसका नाम भू-माफियाओं की सूची में भी दर्ज है। इसके अलावा प्रदीप महरा के खिलाफ नैनी कोतवाली में एचएस 15ए हिस्ट्रीशीट भी खुला हुआ है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## एडीसी में प्रवेश आज से

**प्रयागराज।** इलाहाबाद डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अतुल कुमार सिंह के अनुसार बीकॉम, बीए तथा बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश कार्य सात नवंबर से शुरू होगा। प्रवेश के इच्छुक सभी वर्ग के अभ्यर्थी जो इविवि प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे, वह कीडगंज परिसर में संपर्क करें। बीकॉम प्रथम वर्ष (केवल छात्र) में 180 या उससे अधिक अंक वाले सभी वर्ग के छात्र सात नवंबर को सुबह नौ से 11 के बीच और बीएससी प्रथम वर्ष (छात्र-छात्राएं) में 170 या उससे अधिक अंक वाले सभी वर्ग सुबह 10 से 12 के बीच संपर्क करें। इसके अलावा जीरोरोड परिसर में बीकॉम प्रथम वर्ष (केवल छात्राएं) में 190 या उससे अधिक अंक वाले सभी वर्ग सात नवंबर को सुबह नौ से 11 के बीच संपर्क करें।

## दीवार तोड़कर किया अवैध कब्जा, फरियादी ने लगाई जिलाधिकारी से गुहार

**प्रयागराज।** फतेहपुर बिछुआ जार्जटाउन में रहने वाले अनिल यादव का अल्लापुर में 46 वर्ग गज में मकान बना हुआ है। मकान खाली छोड़ कर पूरा परिवार जॉर्ज टाउन स्थित फतेहपुर बिछुआ में रहता है। अनिल यादव ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है कि विगत दिनो' लौजारी यादव ने अनिल यादव के मकान का दीवार तोड़कर उस पर अपना अवैध निर्माण करवाने लगा, अनिल अनिल यादव इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अवैध निर्माण को रुकवाने का प्रयास करती रही। फिर भी वह अवैध निर्माण करवाता रहा। थक हार कर अनिल यादव ने लौजारी यादव के खिलाफ लिखित शिकायत जिलाधिकारी से की है। अनिल यादव का कहना है कि 18 नवंबर 1983 को बच्चा लाल ने अल्लापुर में 46 वर्ग गज जमीन में बना मकान रजिस्ट्री किया था, उसका कहना है कि जमीन के कागजात जिलाधिकारी महोदय के प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न है। इस अवैध कब्जे से अनिल यादव का पूरा परिवार हैरान व परेशान है।



अवैध निर्माण का दृश्य व सूचना पर पहुंची पुलिस

## विधायक विजय मिश्र की बेटी ने लगाया आरोप, नक्शा पास होने के बाद भी पीडीए ने ढहाया मकान

**प्रयागराज।** अल्लापुर क्षेत्र के बाघंबरी हाउसिंग स्कीम में ज्ञानपुर के विधायक विजय मिश्र के मकान को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने नक्शा पास होने के बावजूद गिराया है। मकान गिराने से पहले प्राधिकरण की ओर से नोटिस भी नहीं दी गई थी। मामले में कमिश्नर के अपील खारिज करते ही प्राधिकरण ने आनन-फानन में मकान का करीब 50 से 60 फीसद हिस्सा गिरवा दिया। यह आरोप विधायक की बेटी रीमा पांडेय ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्राधिकरण के अफसरों पर लगाया। रीमा ने कहा कि यह मकान दो प्लाट को मिलाकर बनवाया था। 190 स्क्वायर मीटर का एक प्लाट उनकी मां रामलली मिश्रा ने 11 अक्टूबर 1995 को खरीदा था। इतने ही स्क्वायर मीटर का दूसरा प्लाट उनकी नानी इंद्र कली द्वारा उसी तारीख पर खरीदा गया था। इन दोनों प्लाट पर पूर्व मालिक आरएस गुप्ता द्वारा तीन दिसंबर 1980 को एडीए से भवन निर्माण के लिए अनुमति ली गई थी।

## भड़ेवरा में सपा का यूथ मिलन समारोह कार्यक्रम सम्पन्न

### सपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र सिंह के आवास पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**मेजा।** समाजवादी पार्टी के युवा नेता हिमांशु सिंह के नेतृत्व मे सपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र सिंह के आवास भडेवरा मे यूथ मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि पूर्व सपा सासंद श्याम चरण गुप्ता व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष योगेश यादव रहे।

उल्लेखनीय है कि विकास खण्ड उरूवा भडेवरा गॉव मे शनिवार को आयोजित यूथ मिलन समारोह मे उपस्थित जन समुदाय को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुये समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद श्यामा चरण गुप्ता ने समाजवादी सरकार मे पार्टी द्वारा किये गये विकास कार्यो एवं पार्टी की नीतियो पर प्रकाश डालते हुये विस्तार से चर्चा किया और कार्यक्रम के आयोजक को शुभकामनाएँ दिया। इसी क्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे मंचासीन नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष योगेश यादव ने भी पार्टी की उपलब्धियॉ गिनाई और कार्यक्रम मे उपस्थित युवाओ का उत्साह वर्धन करते हुये आगामी विधान सभा चुनाव मे बढ चढकर अगुवाई करने की अपील किया इसके पूर्व समारोह कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियो का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया तत्पश्चात दूर -दराज क्षेत्रो कोरॉव, खीरी , माण्डा व मेजा से आये पार्टी पदाधिकारियो एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को अंगवस्त्र के रूप मे एक साल व लाल टोपी भेट कर उन्हे सम्मानित किया गया । इतना ही नही सपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र सिंह के द्वारा स्थानीय पत्रकारो को भी अंगवस्त्र वितरित करते हुये सम्मानित किया गया । इस दौरान समूचना कार्यक्रम स्थल सपा के पोस्टर बैनर और नारो से गुजायमान रहा।

इस मौके पर प्रेम चन्द्र यादव, ओम प्रकाश कुशवाहा, लल्लन सिंह, अंशु सिंह, पंचूराम निषाद, शिव बाबा निषाद , अशर्फी लाल पाल, संत बब्स सिंह, भोला पाल, नीरज शुक्ला, अतुल तिवारी, हर्षित मिश्रा, भूपेन्द्र सिंह, सन्नी द्विवेदी तथा नियाज अहमद आदि ने भी अपने-अपने विचार ब्यक्त किये । कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेन्द्र सिंह व संचालन शिवानन्द शुक्ला ने किया ।



यूथ समारोह मे मंचासीन मु0अ0गण एवं पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता

## संक्षेप समाचार

### घर में घुसकर युवती से छेड़खानी, धमकी

**कुंडा,प्रतापगढ़।** घर में घुसकर अकेली युवती से युवक ने छेड़खानी की। विरोध करने पर उसे गाली देते हुए पीटा। किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। युवती की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया है।

कुंडा के हिसामपुर मनगढ़ की 19 वर्षीय एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 3 नवम्बर को वह घर में अकेली थी। इस बीच गांव का एक युवक ट्रैक्टर से मिट्टी गिराने आया था। युवक ने उससे पूछा कि तुम्हारे मम्मी-पापा कहां हैं। उसने काम से जाने की बात कही तो वह घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर गाली देते हुए पीटा और जान से मारने की धमकी दी। युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित मान सिंह उर्फ लल्ला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मनगढ़ चैकी इंचार्ज विनीत उपाध्याय का कहना है कि आरोपित को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### घायल युवक की इलाज के दौरान थमी सांस

**कुंडा, प्रतापगढ़।** मवेशी से भिड़कर घायल युवक की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।सांगीपुर के लखरांव निवासी संतलाल का पुत्र संजय कुमार जायसवाल (40) सोमवार दोपहर बाइक से हरमापुर जा रहा था। गांव से पहले अचानक बाइक मवेशी से टकरा गई। हादसे में संजय गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे सीएचसी सांगीपुर ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने गम्भीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। कोई सुधार नहीं होने पर परिजन उसे लखनऊ ले गए। वहां गुरुवार रात उसकी सांस थम गई।

### पैतींस लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**सगरासुन्दरपुर, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली पुलिस ने आकस्मिक चेकिंग के दौरान आरोपी को पैतीस लीटर अंग्रेजी शराब के साथ धर दबोचा। लीलापुर चैकी प्रभारी बीडी राय शुक्रवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। दिन मे दो बजे बासूपुर गांव मे दो युवक बाइक से पुलिस को देख भागने लगे। पुलिस ने पीछा करने पर एक युवक को धर दबोचा। अमेठी जिले के संग्रामपुर निवासी आरोपी वीरेन्द्र प्रताप सिंह के पास से तलाशी लेने पर पैतीस लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस के पीछा करने पर हालांकि एक युवक बाइक से भाग निकला।

# चार पहिया की टक्कर से एक युवक की मौत, दो छात्राएं गंभीर घायल

**परीक्षा देकर वापस लौट रही छात्राएं सैनी कोतवाली क्षेत्र के ननसेनी गांव के पास सड़क हादसे की हुई शिकार**



सड़क हादसे के बाद मौके पर जुटी पुलिस और भीड़

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ननसेनी मोड़ पर अनियंत्रित चार पहिया वाहन चालक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी है इस हादसे में एक नवयुवक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि इस हादसे में दो छात्राएं गम्भीर घायल हो गयी है घायलों को इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक युवक की लाश को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है हादसे के बाद वाहन चालक वाहन सहित फरार बताया जाता है जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस समय डीएलएड की परीक्षा चल रही है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दौलत पुर कसार निवासी संजीव उम्र 22 वर्ष अपनी बहन सुजीता उम्र लगभग 24 वर्ष और गांव की खुशनुमा 23 वर्ष को भरवारी के एक कॉलेज से परीक्षा दिलवाकर वापस घर जा रहे थे बाइक सवार परीक्षार्थी जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के ननसेनी मोड़ पर पहुंचे कि एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी हादसे के बाद बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर तड़पने लगे और इस हादसे में बाइक चालक संजीव कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि छात्रा संजीता और छात्रा खुशनुमा गंभीर रूप से घायल हो गयी है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया तथा घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवा दिया। वहीं फरार चार पहिया चालक की तलाश में पुलिस जुट गई है।

### कार की टक्कर से साथी संग बाइक सवार घायल

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे टेढ़ी मोड़ चौराहा के समीप बाइक सवार दो युवकों को पीछे से कार ने टक्कर मार दिया है जिससे साथी के साथ बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हु सूचना पर पहुंची शहजादपुर पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए नवजीवन हॉस्पिटल पहुंचाया है जहां पर घायलो का उपचार चल रहा है घायल कड़ा कोतवाली क्षेत्र के कमालपुर के मजरा गडरिया का पुरवा के निवासी राजू और अहमद बताए जाते हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं : डीएम

**डीएम ने कहा कि सभी प्राइवेट अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरा लगाना अब होगा अनिवार्य**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकारण कार्यक्रम, एमसीटीएस, नगरीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम, कुष्ठ निवारण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना, पीसी पीएनडीटी तथा राष्ट्रीय क्षय नियन्त्रण कार्यक्रम सहित अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी योजनाओं की विन्दुवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी प्राइवेट अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगवाये जाने एवं सीसीटीवी कैमरा न लगवाये जाने वाले अस्पतालों का लाइसेंस निरस्त करने का निर्देश मुख्य चिकित्सा धिकारी को दिया है। बैठक में जननी शिशु सुरक्षा योजना कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होनें सभी एमओआईसी को निर्दिष्ट किया है कि वे आशाओं को घर-घर भेजकर गर्भवती महिलाओं का चिन्हीकरण कर उनका रजिस्ट्रेशन करें तथा शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराना सुनिश्चित करे। उन्होनें प्रसूताओं को मिलने वाले इन्सेन्टिव का भुगतान समय से उनके खाते में प्रेषित किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा धिकारियां को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रसव होने के बाद प्रसूता महिला को अस्पताल में 48 घण्टे अवश्य रखें जिससे कि महिला एवं बच्चे का निरन्तर स्वास्थ्य परीक्षण किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देशित करते हुए कहा है कि सब सेन्टरों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखें जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कैम्प लगाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियो को दिया है। उन्होने कहा कि चयनित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बनाये गये हेल्थ एंव बेलनेस सेन्टरो को निरन्तर क्रियाशील बनाये रखने के निर्देश चिकित्सा धिकारी को दिया है। उन्हेंने चिकित्सकों को समय से अस्पताल में बैठने एवं अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मरीजों को अस्पताल से ही दवायें उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है, उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी भी दशा में बाहर से दवा लेने के लिए न लिखा जाए तथा अस्पतालों में साफ-सफाई की भी समुचित व्यवस्था बनाये रखें।

# पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के अभियान मे एसडीएम ने दिये सख्ती के निर्देश

**लेखपालो को खेत मे पराली जलाये जाने की स्थिति मे आरोपियो को चिन्हित कर उसी दिन संबंधित थाने मे एफआईआर दर्ज कराए जाने के भी कडे निर्देश दिये**

**प्रतापगढ़।** पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पराली जलाए जाने को लेकर एसडीएम ने मातहतो को नियमित रूप से गांव भ्रमण कर सतर्कता बरतनें के निर्देश दिये है। तहसील सभागार मे राजस्व निरीक्षको तथा लेखपालो की बैठक मे एसडीएम राम नारायण ने खेतो मे किसी भी कीमत पर धान की अपशिष्ट जलाए जाने की स्थिति मे क्षेत्रीय लेखपालो के विरूद्ध कडी कार्रवाई की चेतावनी दी है। एसडीएम ने राजस्व निरीक्षको को प्रतिदिन अपने आवंटित क्षेत्र मे लगातार भ्रमण के जरिए पराली जलाए जाने के पूर्ण प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने को कहा है। उन्होने लेखपालो को खेत मे पराली जलाये जाने की स्थिति मे आरोपियो को चिन्हित कर उसी दिन संबंधित थाने मे एफआईआर दर्ज कराए जाने के भी कडे निर्देश दिये है। बैठक मे नायब तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा ने एसडीएम को पर्यावरण प्रदूषण के नियंत्रण को लेकर कार्रवाईयों की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर आरके रामलोचन त्रिपाठी, आरके अमरनाथ सरोज, लेखपाल संघ के अध्यक्ष रामचंद्र त्रिपाठी, प्रदीप सिंह, सुरेश यादव आदि रहे।

# भारतीय जातिगत व्यवस्था भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद है : निकी डबास

**प्रतापगढ़।** जातियां मात्र लोगों के झुंड विशेष का द्योतक नहीं है बल्कि जातियां अनेकों व्यवसाय विशेष का पीढ़ी गत पारंगत अध्ययन एवं अलिखित ज्ञान का संग्रह रखने वाले लोगों का भूतकाल से भविष्य तक की कड़ी को जोड़ने का माध्यम है स प्रत्येक जाति के अपने अनुवांशिक गुण पारिवारिक संस्कार जीवन शैली तथा पौराणिक धरोहर को संरक्षित रखने का अधिकार है । जो लोग जातिगत व्यवस्था का विरोध करते हैं उन्हें स्वयं किसी मूलाधार से जुड़े होने पर कोई गर्व नहीं होता साथ ही वह दूसरों के मूल गुणों को नष्ट करने का भी प्रयास करते हैं स ऐसे लोगों को ना तो अपने पूर्वजों में आस्था है, ना ही उन्हें अपनी भविष्य की नस्लों की परवाह ।यह वह लोग हैं जिन्हें सिर्फ अपना गुजारा करने के लिए अन्य लोगों पर आश्रित रहना पड़ता है । इनका उसूल, संस्कार, परिवार और समाज से कोई खास रिश्ता नहीं होता । ऐसे लोगों की नस्लों में वैचारिक मतभेद के साथ-साथ अनुवांशिक गुणों के साथ भी छेड़छाड़ के साक्ष्य प्राप्त होते हैं ।

# चाइल्ड्लाइन से दोस्ती सप्ताह का सुभारम्भ

**बच्चो की सुरक्षा करना हम सबका दायित्व हमुख्य विकास अधिकारी**




प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चाइल्ड लाइन से दोस्ती सप्मताह का शुभारम्भ

**प्रतापगढ़।** महिला एवम बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन मे हर साल की भाति इस साल भी 07- 14 नवम्बर तक चाइल्ड्लाइन-1098 द्वारा चाइल्ड्लाइन से दोस्ती सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसका शुभारम्भ आज जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार पांन्डेय ने दोस्ती की गाडी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार पांन्डेय ने कहा कि बच्चे देश के भविश्य है इनकी सुरक्षा करना हम सबका दायित्व है। इस अवसर पर बच्चो ने मुख्य बिकास अधिकारी को सुरक्षा-बैंड बांध कर अपनी सुरक्षा का बचन लिया ध इस अवसर पर मुख्य बिकास अधिकारी सहित अन्य लोगो ने हस्ताक्षर बैनर पर हस्ताक्षर कर बच्चो की सुरक्षा के प्रतिअपना समर्थन जताया इसके उपरांत महिला शक्ति केंद और चाइल्ड्लाइन टीम कम्पनी गार्डेन जाकर मिशन शक्ति के अंतर्गत बच्चो के सुरक्षा, सम्मानव स्वावलम्बन पर बच्चो के साथ बिस्तार से चर्चा की । कार्क्रम मे महिला कल्याण अधिकारी जया यादव ने महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्डलाइन 1098, पुलिस सहायता 112 आदि बिभिन्न हेल्प लाइन के प्रयोग पर चर्चा किया। इसी र्क्रमे चाइल्ड्लाइन निदेशक नसीम अंसारी ने बच्चो को गुड- टच और बैड- टच के बारे मे बिस्तार से समझाया । इस अवसर पर जिला प्रोवेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा , चाइल्ड्लाइन सम्न्वय क्शणा कांत राय, बाल संरक्षण अधिकारी अभय शुक्ला सहित वन स्टाफ सेंटर से निरजा, बंदना ,रीना, दिवेश ,चाइल्ड्लाइन से हकीम अंसारी, रीना यादव ,अभय यादव, आजाद, आदि लोग उपस्थित रहे ।

# अस्पताल से मरीज चिकित्सक और कर्मी हमेशा रहते हैं गायब

**बीते डेढ़ दशक से बिना ड्यूटी दिए चिकित्सक और कर्मियों का अवमुक्त किया जा रहा है इस अस्पताल से बेतन**




बंद पड़ा सेलरहा पश्चिम अस्पताल का दृश्य

**सुशील केशरवानी**


**कौशांबी।** जिले की चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था की हकीकत देखने के लिए जब शनिवार को दोपहर सिराथू तहसील के सेलरहा पश्चिम में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर वहां की हकीकत देखी गई तो इस अस्पताल में एक एएनएम और वार्ड ब्वाय ही मौके पर मौजूद थे चिकित्सक और अन्य स्वास्थ्य कर्मी इस अस्पताल में मौजूद नही थे मौके पर एक भी मरीज नहीं थे अस्पताल परिसर और भवन के अंदर जगह-जगह कूड़े के ढेर दीवारों और दरवाजों में जाले लगे थे अस्पताल के विभिन्न कक्ष में ताला बंद था इस अस्पताल की स्थिति देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि कई महीने से इस अस्पताल में चिकित्सक और मरीज दोनों नहीं आए हैं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से अस्पताल के चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन प्रत्येक महीने बिना रोक-टोक के उन्हें दे दिया जाता है। जब अस्पताल की दुर्दशा के संबंध में ग्रामीणों से बात की गई तो उनका कहना है कि इस अस्पताल में बीते डेढ़ दशक से इस अस्पताल में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी नहीं आए ग्रामीणों ने कहा कि जब अस्पताल में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी नहीं होंगे तो मरीजों का इलाज कौन करेगा और जब मरीजों को अस्पताल में इलाज नहीं मिलेगा तो मजबूर होकर मरीजों ने इस सरकारी अस्पताल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेलरहा पश्चिम में आना ही बंद कर दिया है। इस अस्पताल की दुर्दशा का आलम यह है कि आकस्मिक चिकित्साक कक्ष में ताला बंद था चिकित्सक के कक्ष में भी ताला बंद था दवा औषधि वितरण कक्ष खुले थे लेकिन मौके पर फार्मासिस्ट नहीं थे ड्रेसिंग कक्ष भी खुला था लेकिन पट्टी माल हम करने वाला कोई भी मौजूद नहीं था जनरल वार्ड बेडरूम का दरवाजा बंद कर उसमें प्लास्टिक की डोरी से गांठ लगा दी गई थी दरवाजे के बाहर कूड़े का अंबार लगा था और दरवाजे के आसपास जाले लग गए थे देखने से लगता था कि कई वर्षों से इस जनरल वार्ड बेडरूम को खोला नहीं गया है। लघु ऑपरेशन कक्ष में भी ताला बंद था यह कह लिया जाए की अस्पताल की गैलरी और एएनएम कक्ष को छोड़कर पूरी तरह से यह अस्पताल बंद था लेकिन बंद अस्पताल की व्यवस्था सुचारू करने के प्रति मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किसी प्रकार का सार्थक प्रयास अभी तक नहीं किया गया है। जबकि ग्रामीणों ने कई बार शासन प्रशासन का ध्यान इस बन्द अस्पताल की ओर आकृष्ट करा कर अस्पताल व्यवस्था को सुचारू करने की मांग की थी अब सवाल उठता है कि सेलरहा पश्चिम अस्पताल की चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था के जिम्मेदार चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों के कारनामों पर उन्हें दंडित कर चिकित्सा व्यवस्था सुधार करने का प्रयास मुख्य चिकित्सा अधिकारी करते हैं या फिर जिले की चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था में एक कड़ी और जुड़ जाएगी जनता इसका इंतजार कर रही है।

### चिकित्सक और कर्मी बेच रहे हैं दवाएं, इंजेक्शन सीरिंज पट्टी व मलहम टियूब आदि सामग्री

**कौशाम्बी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेलरहा पश्चिम अस्पताल में मरीजों के नाम से आने वाली दवाओं को भी अभिलेखों में फर्जी तरीके से मरीजो के नाम दर्ज कर चिकित्सक और कर्मी खुले बाजार में दवाएं इंजेक्शन सीरिंज पट्टी मलहम टियूब आदि दवा सामग्री खुले बाजार में बेच कर रकम वसूली कर लेते हैं अस्पताल के इलाज रजिस्टर में मरीजों के दर्ज नामों की जांच कराई गई तो अभिलेखों में मरीजो के फर्जी नाम दर्ज कर अस्पताल संचालित करने के कारनामें का खुलासा होगा इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी है।

### सरकारी अस्पताल के सामने दो दशक से चिकित्सक ने सजा रखा है क्लीनिक

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेलरहा पश्चिम की चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने का प्रयास चिकित्सक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अभी तक नहीं किया है इसका लाभ एक निजी नर्सिंग होम संचालक उठा रहा है सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को जब यहाँ इलाज नहीं मिलता तो वह व्याकुल हो जाते हैं और इलाज के लिए सहारा ढूंढते हैं इसी अस्पताल के ठीक सामने एक बंगाली डॉक्टर ने अपना निजी नर्सिंग होम क्लीनिक खोल रखा है बंगाली डॉक्टर के नर्सिंग होम क्लीनिक में सुबह से शाम तक मरीजों का इलाज होता है जहाँ मरीज लूटे जाते है अवैध तरीके से सरकारी अस्पताल के सामने चल रहे निजी अस्पताल क्लीनिक की ओर चिकित्सक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अभी तक कार्रवाई करने की जुर्रत नहीं की है इस अस्पताल संचालक पर आखिर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार क्यो मेहरबान है यह एक जांच का विषय है अब स्वास्थ्य व्यवस्था की खामियों में जांच कौन करेगा यह बड़ा सवाल है।



सरकारी अस्पताल के सामने बंगाली डॉक्टर के अवैध क्लीनिक पर लगी मरीजों की भीड़ का दृश्य।

# किसान ने अपनी जमीन से दिया सड़क बनाने का रास्ता



सड़क का निर्माण शुरू होने का दृश्य

**पिपरी कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के रसूलपुर ब्यूर गांव में मुख्य सड़क से गांव जाने के लिए रास्ता नहीं था जिससे ग्रामीणों को गांव पहुंचने में दिक्कत होती थी कई बार प्रयास किया गया लेकिन रास्ता नहीं बन सका गांव तक पहुंचने के लिए सड़क ना होने से गांव का विकास बाधित था आम जनता भी परेशान थी और सरकारी मशीनरी भी सड़क बनाने को परेशान थी। जिस पर बातचीत के दौरान गांव के किसान नबी अहमद उर्फ वैश ने अपनी भूमिधारी जमीन से 12 फीट चौड़ा रास्ता ग्रामीणों के आने जाने की सुविधा के लिए दे दिया है जिससे गांव के लोगों की दिक्कतें कम हो जाएंगी किसान के अपनी भूमि धरी जमीन से रास्ता देने के बाद सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है सड़क निर्माण का रास्ता साफ होने के बाद ब्लाक प्रमुख नेवादा ने छह लाख 28 हजार की लागत से सड़क निर्माण स्वीकृत कर दिया है सड़क पर निर्माण शुरू हो चुका है। सड़क बनने के बाद अब ग्रामीणों को मुख्य सड़क तक पहुंचने में दिक्कतें नहीं होंगी सड़क निर्माण शुरू हो जाने के बाद ग्रामीण बहुत खुश हुए हैं ग्राम रसूलपुर ब्यूर की प्रधान विमला देवी और प्रधान पति छेदन लाल के तमाम प्रयास के बाद किसान नबी अहमद ने अपनी जमीन से रास्ता दिया है जो काबिले तारीफ है।

### सामुदायिक सौहार्द को लेकर हुआ सांस्कृतिक जागरण

**प्रतापगढ़।** नगर के शीतलमऊ वार्ड मे शुक्रवार की देर शाम को सामुदायिक सौहार्द तथा भाईचारे को लेकर सांस्कृतिक जागरण का कार्यक्रम हुआ। कोरोना महामारी को लेकर सोशल डिस्टेंसिग के बीच कार्यक्रम के दौरान लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा पर भी कलाकारों ने मनमोहक चेतना गीत प्रस्तुत किये। सांस्कृतिक दल के संयोजक मुकेश शुक्ला ने व कलाकारों ने सामाजिक सरोकार को लेकर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान हुए मांगलिक उत्सव मे शामिल ग्रामीणों ने नवजात सम्राट सिंह का अभिषेक भी किया। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य कुंवर रवीन्द्र सिंह ने अतिथियो का स्वागत व बीडीसी गीता सिंह ने आभार जताया। सह संयोजन रोहित सिंह व नीतू सिंह ने किया। इस मौके पर सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश, महामंत्री रामकुमार पाण्डेय, देवी प्रसाद मिश्र, चेयरपर्सन प्रतिनिधि आदि रहे।

### अर्पित मिश्रा व अनिकेत तिवारी बने संयोजक

**प्रतापगढ़।** विदित हो कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रयाग महानगर का जिला अभ्यास वर्ग 5 तारीख को संपन्न हुआ जिसमे प्रवासी कार्यकर्ता के रूप मे प्रांत संगठन मंत्री श्री विजय प्रताप जी और विभाग संयोजक शिवम पांडेय जी आए थे । जिसमें प्रयाग विभाग की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमे अर्पित मिश्रा जी को प्रयाग विभाग का राष्ट्रीय कला मंच का विभाग संयोजक बनाया गया और अनिकेत तिवारी जी को प्रयाग विभाग का विभाग सोशल मिडिया संयोजक बनाया गया। जिसके बाद जिले के कार्यकताओं द्वारा राजगढ़ में अर्पित मिश्रा जी और अनिकेत तिवारी जी का स्वागत किया गया इस मौके पर जिला संयोजक सुधांशु रंजन मिश्रा ने कहा कि आशा है कि नवीन कार्यकारणी अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा एवं इमानदारी के साथ करेगी इस मौके पर विभाग संयोजक शिवम पांडेय आदि रहे।

# परिषदीय विद्यालय के छात्रों को उपजिलाधिकारी ने बांटे स्वेटर

**ठंड शुरू होते ही विद्यालय में छात्र छात्राओं को उपलब्ध करा दिए गए स्वेटर**




परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को स्वेटर बांटते एसडीएम सिराथू

**कड़ा कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के विकासखंड कड़ा अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौसपुर नवावा में उप जिलाधिकारी सिराथू राजेश कुमार श्रीवास्तव ने स्कूली छात्र छात्राओं को स्वेटर का वितरण किया है उप जिलाधिकारी सिराथू के द्वारा स्वेटर का वितरित किए जाने के बाद स्कूली छात्र छात्राओं में खुशी दिखाई पड़े हैं ठंड शुरू होते ही विद्यालय में छात्रों को स्वेटर उपलब्ध करा दिए गए हैं जिसके चलते स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को ठंड से बचाव होगा सरकार की इस योजना की ग्रामीणों ने खुले मन से सराहना की है इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार अध्यापक सत्य प्रकाश अमित यादव राजेश कुमार सुमन देवी कृष्णकांत राजाराम कल्पना देवी अनुज कुमार प्राची साहू लालती देवी आशीष कुमार सहित तमाम अभिभावक और इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे।